धारा तो बह रही है

धारा तो बह रही है,
श्री राधा नाम की ,
राधा राधा रटत ही,
सब व्याधा मिट जाए,
कोटि जन्म की आपदा,
श्री राधा नाम सुजाय ।

धारा तो बह रही है,
श्री राधा नाम की -2
धारा राधा धारा राधा धारा,
हम हो गए दीवाने श्री राधा नाम के...-3
धारा तो बह रही हैं,
श्री राधा नाम की ॥

सूझे कुछ और नाही,
वृन्दावन धाम के -2
सुझे कुछ और नाही,
श्री राधा नाम के,
धारा वो बह गई हैं,
श्री राधा नाम की,
हम हो गए दीवाने श्री राधा नाम के.........

राधा के नाम का ये,
साया घना घना है -2
हर क्षण हृदय में रहती,
राधा की कल्पना है ,
आते नजर बिहारी,
संग राधा नाम के,
हम हो गए दीवाने श्री राधा नाम के........

अब भी समय है मूरख,
बुद्धि से काम ले ले -2
तर जायेगा यह जीवन,
श्री राधा नाम ले ले,
नश्वर है तेरा जीवन,
बिन राधा नाम के,
हम हो गए दीवाने श्री राधा नाम के.......

इंसान भूल है तो,
राधा क्षमा दया है -2
राधा चरण मिले तो,
सोने की धुल क्या है,
ब्रह्मा भी सर झुका दे,
इस राधा नाम पे,
हम हो गए दीवाने श्री राधा नाम के.......

विश्वास चाहता है तो
तो बोल धारा धारा,
तुझको सुनाई देगा,
खुद आप राधा राधा,
धारा धारा धारा धारा धारा,
जादू अजब जुड़ा है,
संग राधा नाम के,
हम हो गए दीवाने श्री राधा नाम के,
हम हो गए दीवाने श्री राधा नाम के,
हम हो गए दीवाने श्री राधा नाम के,
धारा तो बह रही हैं,
श्री राधा नाम की ॥

धारा तो बह रही है,
श्री राधा नाम की,
राधा धारा राधा धारा राधा धारा,
हम हो गए दीवाने श्री राधा नाम के,
हम हो गए दीवाने श्री राधा नाम के,
हम हो गए दीवाने श्री राधा नाम के,
धारा तो बह रही हैं,
श्री राधा नाम की ॥

स्वर : मृदुल कृष्ण गोस्वामी जी महाराज

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/22906/title/dhara-to-beh-rahi-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |